पटना विश्वविद्यालय

Patna University

Estd. 1917



Patna University In News (01.11.2022)

कॉलेजों के मुख्य द्वार व अन्य स्थानों से हटेंगे पोस्टर-बैनर

पीयू छात्र संघ चुनाव

संवाददाता, पटना

पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया यूनिवर्सिटी बंद होने के बाद भी जारी है. स्टूडेंट्स से लेकर अधिकारी डिजिटल मोड में चुनाव की प्रक्रिया को धीरे-धीरे आगे बढ़ा रहे हैं. दो को यूनिवर्सिटी व कॉलेज खुल जायेंगे. खुलने के साथ ही पीयू में छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया तेज हो जायेगी. यूनिवर्सिटी में अभी आचार संहिता लागू है. आचार संहिता को लेकर यूनिवर्सिटी खुलने के बाद यहां से पोस्टर बैनर हटाये जायेंगे. दरभंगा हाउस के साथ विभिन्न कॉलेजों के गेट पर कई छात्रों ने चुनाव प्रचार करते हुए होर्डिंग के साथ पोस्टर भी लगा रखा है. इसे अब तक न तो पीयू प्रशासन हटा पाया है और न ही जिनका होर्डिंग है, वे हटा पाये हैं. पीयू अधिकारियों का कहना है कि यूनिवर्सिटी खुलने के बाद इसे हटाया जायेगा. सभी प्रमुख स्थानों से छात्र संगठनों का नाम हटाया जायेगा. आचार संहिता को लेकर छात्र संगठन सक्रिय नहीं है. छात्र संगठन अचार संहिता का उल्लंघन करने में पीछे नहीं है. लिंग दोह कमेटी के अनुसार प्रिंटेड पोस्टर, पंपलेट या प्रचार सामग्री के प्रयोग की अनुमति नहीं है.

दो नवंबर से चुनाव प्रचार अभियान होगा तेज

दो नवंबर को कॉलेज व यूनिवर्सिटी खुलने के साथ ही फिजिकल मोड में चुनाव प्रचार शुरू हो जायेगा. सभी कॉलेज कैंपस में प्रचार अभियान तेज करने की योजना छात्र संगठनों ने तैयार कर लिया है. सोमवार को कई छात्र संगठनों ने ऑनलाइन बैठक कर चुनावी चर्चा की. अलग-अलग छात्र संगठन एक दूसरे से बातचीत कर विपक्षी की रणनीति को समझने में लगे हुए थे. छात्र संगठनों को उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं. उम्मीदवार तलाशने का भी काम जारी है. विभिन्न छात्र संगठनों की ओर से चुनाव पर्ची भी तैयार की जा रही है. पीयू के सभी पुराने छात्र और छात्र नेताओं को सक्रिय करने की भी प्रक्रिया तेज हो गयी है.

तीन से मिलेगा नामांकन फॉर्म, पांच पदों पर चुनाव

पटना. पटना यूनिवर्सिटी में छात्र संघ चुनाव 19 नवंबर को होगा. सेंट्रल पैनल में अध्यक्ष समेत कुल पांच पदों पर चुनाव होंगे. वहीं, हर एक हजार छात्र पर एक कॉलेज काउंसेलर या फिर फैकल्टी काउंसेलर का भी चुनाव होगा. कॉलेज काउंसेलर और फैकल्टी मिला कर 32 सीटों पर चुनाव होगा. छात्र 10 रुपये देकर तीन नवंबर से नॉमिनेशन फॉर्म खरीद सकेंगे. तीन से पांच नवंबर तक नॉमिनेशन फॉर्म डीएसडब्ल्यू ऑफिस से खरीद सकेंगे.

प्रभात खबर
Tue, 01 November 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/70809485

दैनिक भास्कर

पीयू: मिड टर्म एग्जाम 3 से, छात्रों ने शुरू की पढ़ाई

पटना | त्योहार खत्म होते ही पटना छात्रों ने पढ़ाई शुरू कर दी है। छात्र आपस में परीक्षा और नोट्स आदि को लेकर बातचीत कर रहे हैं। व्हाट्सएप ग्रुप में भी परीक्षा को लेकर चर्चा पूजा समाप्त होते ही शुरू हो गई है। इसका कारण यह है कि जब एक दिन बाद 2 नवंबर को कॉलेज खुलेंगे तो ठीक उसके अगले दिन से च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के अनुसार स्नातक के नये छात्र-छात्राओं का मिड टर्म एग्जाम शुरू हो जाएगा। जारी परीक्षा प्रोग्राम के तहत स्नातक का मिड टर्म एग्जाम 3 नवंबर से होगा। वहीं मिड टर्म-2 एक दिसंबर से आयोजित होगा।